COMMONSPIRIT HEALTH
वित्तीय सहायता का सारांश

CommonSpirit Health का एक सहयोगी, Dignity Health, उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वस्थ समुदाय बनाने के लिए समर्पित है, जिन्हें स्वास्थ्य देखभाल की जरूरत है और जो अबीमाकृत, अल्पबीमित, सरकारी कार्यक्रम के लिए अपात्र, या भुगतान करने में असमर्थ हैं। CommonSpirit Health की वित्तीय सहायता नीति ऐसे अबीमाकृत या अल्पबीमित मरीजों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का वर्णन करती है, जो CommonSpirit Health अस्पतालों द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सकीय रूप से आवश्यक अस्पताल सेवाओं के लिए भुगतान करने में सहायता हेतु विशिष्ट आय आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। एक अबीमाकृत मरीज वह है जिसका निजी या सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा नहीं है और जिसे अपने अस्पताल के बिलों की किसी और द्वारा प्रतिपूर्ति करने का अधिकार नहीं है। अल्पबीमित मरीज वह है जिसके पास स्वास्थ्य बीमा है, लेकिन जिसके अस्पताल के बड़े बिल उसके बीमा द्वारा पूरी तरह से कवर नहीं हैं।

मुफ्त देखभाल

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 250% तक की पारिवारिक आय के साथ अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप बिना किसी लागत के अस्पताल सेवाएं प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं।

रियायती देखभाल

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 250-350% के बीच वार्षिक पारिवारिक आय के साथ अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप अस्पताल सेवाओं के लिए अपने बिलों को सरकारी भुगतानकर्ता द्वारा भुगतान की जाने वाली उचित रूप से अपेक्षित उच्चतम राशि तक कम करने के लिए पात्र हो सकते हैं, जो आमतौर पर वह राशि होती है जिसका Medicare उन्हीं प्रकार की सेवाओं के लिए भुगतान करता है।
- यदि आपकी वार्षिक पारिवारिक आय संघीय गरीबी स्तर के 350-500% के बीच है और आप अबीमाकृत या अल्पबीमित हैं, तो आप अस्पताल सेवाओं के लिए अपने बिलों को सामान्य रूप से बिल की जाने वाली राशि (AGB) तक कम करने के लिए पात्र हो सकते हैं, जो कि संघीय कानून के तहत निर्धारित राशि है जो उस राशि को दर्शाती है जो निजी स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और Medicare (सह-भुगतान और कटौती सहित) द्वारा अस्पताल को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए भुगतान की गयी होती।

उन लोगों को सहायता की पेशकश की जाती है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय उपरोक्त श्रेणियों के अंतर्गत आती है और:

- जिनके पास कुल दस ($10.00) डॉलर या अधिक का खाता शेष है;
- जिन्होंने अन्य सभी भुगतान विकल्पों को समाप्त करने के प्रयासों में सहयोग किया है; और
- जिन्होंने पूरा किया हुआ वित्तीय सहायता आवेदनपत्र और आय को सत्यापित करने के लिए सहायक दस्तावेज प्रदान किए हैं।

ध्यान दें: कुछ मामलों में, मरीजों को बिना औपचारिक आवेदन के वित्तीय सहायता दी जा सकती है। विवरण वित्तीय सहायता नीति में उल्लिखित है।

यदि आप हमारी वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं, आपको ऊपर वर्णित सामान्य रूप से बिल की गई राशि से अधिक भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि आप अर्हता प्राप्त करते हैं, तो आप ब्याज मुक्त विस्तारित भुगतान योजना का भी अनुरोध कर सकते हैं।

आपातकालीन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको कभी भी अग्रिम भुगतान या अन्य भुगतान व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अस्पताल की वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता आवेदन फॉर्म की मुफ्त प्रतियां नीचे सूचीबद्ध किये आपके अस्पताल की वेबसाइट पर ऑनलाइन या अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित प्रवेश क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। ("प्रवेश" या "पंजीकरण" के चिह्नों का अनुगमन करें)। यदि आप अपने अस्पताल के लिए नीचे सूचीबद्ध टेलीफोन नंबर पर मरीज वित्तीय सेवाओं को कॉल करते हैं, तो अनुरोध पर इन दस्तावेजों की मुफ्त प्रतियां आपको मेल भी की जा सकती हैं।

आप अपने अस्पताल की वेबसाइट पर, अपने अस्पताल के प्रवेश क्षेत्र में, या अपने अस्पताल के टेलीफोन नंबर पर कॉल करके इन दस्तावेजों का स्पेनिश और अन्य भाषा में अनुवाद मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं।

CommonSpirit Health वित्तीय परामर्शदाता सवालों के जवाब देने के लिए, हमारी वित्तीय सहायता नीति के बारे में जानकारी देने के लिए और वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं। वित्तीय सलाहकार आपको अस्पताल के AGB प्रतिशत और AGB प्रतिशत की गणना कैसे की गई, इसके बारे में भी जानकारी प्रदान कर सकते हैं। हमारे कर्मचारी अस्पताल के प्रवेश क्षेत्र में स्थित है और उनके साथ आपके अस्पताल के लिए नीचे सूचीबद्ध किए टेलीफोन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

California Hospital Medical Center 1401 South Grand Ave, Los Angeles, CA 90015
Financial Counseling 213-742-5530 | **Patient Financial Services** 888-488-7667
www.dignityhealth.org/californiahospital/paymenthelp
Community Hospital of San Bernardino 1805 Medical Center Dr, San Bernardino, CA 92411
Financial Counseling 909-806-1317 | **Patient Financial Services** 909-806-1281
www.dignityhealth.org/san-bernardino/paymenthelp
Glendale Memorial Hospital 1420 South Central Ave, Glendale, CA 91204
Financial Counseling 818-502-2305 | **Patient Financial Services** 888-488-7667
www.dignityhealth.org/glendalememorial/paymenthelp
Northridge Hospital Medical Center 18300 Roscoe Blvd, Northridge, CA 91328
Financial Counseling 818-885-5368 | **Patient Financial Services** 888-488-7667
www.dignityhealth.org/northridgehospital/paymenthelp
St. Bernardine Medical Center 2101 N. Waterman Ave, San Bernardino, CA 92404
Financial Counseling 909-883-8711 ext 4408 | **Patient Financial Services** 909-881-4418
www.dignityhealth.org/stbernardinemedical/paymenthelp
St. Mary Medical Center 1050 Linden Ave, Long Beach, CA 90813
Financial Counseling 562-491-7078 | **Patient Financial Services** 888-488-7667
www.dignityhealth.org/stmarymedical/paymenthelp